Adda247 GET IT ON Google Play

Rpsc Si Question Paper Hindi 05 April 2026 S1

पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या : 16
Number of Pages in Booklet : 16
पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : 100
No. of Questions in Booklet : 100

IHS-26

इस प्रश्न-पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए। Do not open this Question Booklet until you are asked to do so.

प्रश्न–पुस्तिका संख्या व बारकोड / Question Booklet No. & Barcode

Paper Code : 02

Paper – I
Sub : General Hindi

समय : 02:00 घण्टे + 10 मिनट अतिरिक्त*
Time : 02:00 Hours + 10 Minutes Extra*

अधिकतम अंक : 200
Maximum Marks : 200

प्रश्न–पुस्तिका के पेपर की सील/पॉलिथीन बैग को खोलने पर प्रश्न–पत्र हल करने से पूर्व परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि :
- प्रश्न–पुस्तिका संख्या तथा ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर अंकित बारकोड संख्या समान हैं।
- प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक के सभी पृष्ठ व सभी प्रश्न सही मुद्रित हैं। समस्त प्रश्न, जैसा कि ऊपर वर्णित है, उपलब्ध हैं तथा कोई भी पृष्ठ कम नहीं है/ मुद्रण त्रुटि नहीं है।

किसी भी प्रकार की विसंगति या दोषपूर्ण होने पर परीक्षार्थी वीक्षक से दूसरा प्रश्न–पत्र प्राप्त कर लें। यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी। परीक्षा प्रारम्भ होने के 5 मिनट पश्चात् ऐसे किसी दावे/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

On opening the paper seal/polythene bag of the Question Booklet before attempting the question paper, the candidate should ensure that :
- Question Booklet Number and Barcode Number of OMR Answer Sheet are same.
- All pages & questions of Question Booklet and OMR Answer Sheet are properly printed. All questions as mentioned above are available and no page is missing/misprinted.

If there is any discrepancy/defect, candidate must obtain another Question Booklet from Invigilator. Candidate himself shall be responsible for ensuring this. No claim/objection in this regard will be entertained after five minutes of start of examination.

परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. प्रत्येक प्रश्न के लिये एक विकल्प भरना अनिवार्य है।
2. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. प्रत्येक प्रश्न का मात्र एक ही उत्तर दीजिए। एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा।
4. OMR उत्तर-पत्रक इस प्रश्न-पुस्तिका के अन्दर रखा है। जब आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर-पत्रक निकाल कर ध्यान से केवल नीले बॉल पॉइंट पेन से विवरण भरें।
5. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर सावधानीपूर्वक सही भरें। गलत रोल नम्बर भरने पर परीक्षार्थी स्वयं उत्तरदायी होगा।
6. ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक में करेक्शन पेन/व्हाईटनर/सफेदा का उपयोग निषिद्ध है।
7. प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा। गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है।
8. प्रत्येक प्रश्न के पाँच विकल्प दिये गये हैं, जिन्हें क्रमश: 1, 2, 3, 4, 5 अंकित किया गया है। अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले (बबल) को उत्तर-पत्रक पर नीले बॉल पॉइंट पेन से गहरा करना है।
9. यदि आप प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहते हैं तो उत्तर-पत्रक में पाँचवें (5) विकल्प को गहरा करें। यदि पाँच में से कोई भी गोला गहरा नहीं किया जाता है, तो ऐसे प्रश्न के लिये प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा।
10.* प्रश्न-पत्र हल करने के उपरांत अभ्यर्थी अनिवार्य रूप से ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक जाँच लें कि समस्त प्रश्नों के लिये एक विकल्प (गोला) भर दिया गया है। इसके लिये ही निर्धारित समय से 10 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।
11. यदि अभ्यर्थी 10% से अधिक प्रश्नों में पाँच विकल्पों में से कोई भी विकल्प अंकित नहीं करता है तो उसको अयोग्य माना जायेगा।
12. मोबाइल फोन अथवा अन्य किसी इलेक्ट्रोनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है। यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरुद्ध आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

चेतावनी : अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम अध्युपाय) अधिनियम, 2022 तथा अन्य प्रभावी कानून एवं आयोग के नियमों-प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाएगी। साथ ही आयोग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली आयोग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है।

INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. It is mandatory to fill one option for each question.
2. All questions carry equal marks.
3. Only one answer is to be given for each question. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer.
4. The OMR Answer Sheet is inside this Question Booklet. When you are directed to open the Question Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars carefully with Blue Ball Point Pen only.
5. Please correctly fill your Roll Number in OMR Answer Sheet. Candidates will themselves be responsible for filling wrong Roll No.
6. Use of Correction Pen/Whitener in the OMR Answer Sheet is strictly forbidden.
7. 1/3 part of the mark(s) of each question will be deducted for each wrong answer. A wrong answer means an incorrect answer or more than one answers for any question.
8. Each question has five options marked as 1, 2, 3, 4, 5. You have to darken only one circle (bubble) indicating the correct answer on the Answer Sheet using BLUE BALL POINT PEN.
9. If you are not attempting a question then you have to darken the circle '5'. If none of the five circles is darkened, one third (1/3) part of the marks of question shall be deducted.
10.* After solving question paper, candidate must ascertain that he/she has darkened one of the circles (bubbles) for each of the questions. Extra time of 10 minutes beyond scheduled time is provided for this.
11. A candidate who has not darkened any of the five circles in more than 10% questions shall be disqualified.
12. Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt with as per rules.

Warning : If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would be liable to be prosecuted under Rajasthan Public Examination (Measures for Prevention of Unfair means in Recruitment) Act, 2022 & any other laws applicable and Commission's Rules-Regulations. Commission may also debar him/her permanently from all future examinations.

उत्तर–पत्रक में दो प्रतियाँ हैं – मूल प्रति और कार्बन प्रति। परीक्षा समाप्ति पर परीक्षा कक्ष छोड़ने से पूर्व परीक्षार्थी उत्तर–पत्रक की दोनों प्रतियाँ वीक्षक को सौंपेंगे, परीक्षार्थी स्वयं कार्बन प्रति अलग नहीं करें। वीक्षक उत्तर–पत्रक की मूल प्रति को अपने पास जमा कर, कार्बन प्रति को मूल प्रति से कट लाइन से मोड़ कर सावधानीपूर्वक अलग कर परीक्षार्थी को सौंपेंगे, जिसे परीक्षार्थी अपने साथ ले जायेंगे। परीक्षार्थी को उत्तर–पत्रक की कार्बन प्रति चयन प्रक्रिया पूर्ण होने तक सुरक्षित रखनी होगी एवं आयोग द्वारा माँगे जाने पर प्रस्तुत करनी होगी।

Adda247
Test Prime
ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

1,00,000+ Mock Tests
Personalised Report Card
Unlimited Re-Attempt
600+ Exam Covered
25,000+ Previous Year Papers
500% Refund

IBPS
NABARD
INDIAN RAILWAYS

ATTEMPT FREE MOCK NOW

Adda247
GET IT ON Google Play

1. किस विकल्प में शुद्ध वाक्य है ?
(1) वह नदी में पानी भरने गयी है ।
(2) वह कुरता डालकर गया है ।
(3) कई स्थलों में ऐसा बताया गया है ।
(4) इन दोनों घरों के बीच एक दीवार है ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

2. किस विकल्प में शुद्ध वाक्य नहीं है ?
(1) वह संगीत सीखती है और हिन्दी पढ़ती है ।
(2) जीवन और साहित्य का घनिष्ठ सम्बन्ध है ।
(3) इसको दंगा कहकर पुकारना अनुचित है ।
(4) घर में कैसा वातावरण है ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

3. किस विकल्प में अशुद्ध वाक्य है ?
(1) वे इसे न समझ सकते हैं, न बोल सकते हैं ।
(2) यदि मेरी सुनें तो कभी न जायें ।
(3) पुस्तक विद्वतापूर्ण लिखी गयी ।
(4) छात्र दृढ़ता से संगठित रहे ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

4. किस विकल्प में शुद्ध वाक्य है ?
(1) एकमात्र दो उपाय हैं ।
(2) वह उदास चेहरे से चल दिये ।
(3) देश में सर्वत्र शान्ति है ।
(4) यह पत्र आपके अनुसार है ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

5. निर्देशक चिह्न के प्रयोग के संबंध में असंगत है –
(1) किसी विषय के साथ तत्संबंधी अन्य बातों की सूचना देने में
(2) किसी के वाक्यों को उद्धृत करने के पश्चात्
(3) बातचीत में रुकावट सूचित करने के लिए
(4) किसी वाक्य में भाव का अचानक परिवर्तन होने पर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

6. जब कई शब्दभेद जोड़े से आते हैं, तब प्रत्येक जोड़े के बाद किस विराम चिह्न का प्रयोग होता है ?
(1) पूर्णविराम
(2) कोष्ठक
(3) अल्पविराम
(4) अर्द्धविराम
(5) अनुत्तरित प्रश्न

7. 'न जाने अब आगे चलकर क्या होगा' इस वाक्य के अन्त में निम्नलिखित में से उपयुक्त विराम चिह्न होगा :
(1) प्रश्न चिह्न
(2) लाघव चिह्न
(3) पूर्णविराम चिह्न
(4) विस्मय-सूचक चिह्न
(5) अनुत्तरित प्रश्न

8. किस वाक्य में विराम चिह्नों का समुचित प्रयोग नहीं हुआ है ?
(1) वे नदी, नाले पार करते चले ।
(2) वाह ! उसने तो तुम्हें अच्छा धोखा दिया !
(3) कैसा ? बेहूदा आदमी है ?
(4) देखिए, कैसा सुगम शब्द बन गया !
(5) अनुत्तरित प्रश्न

Adda247

GET IT ON Google Play

9. 'गरदन उठाना' मुहावरे का निकटतम अर्थ है

(1) दबाव डालना
(2) विरोध करना
(3) जिम्मेदार होना
(4) उत्तरदायित्व लेना
(5) अनुत्तरित प्रश्न

10. किसी रचना का रूपांतर करने में बाहर से लगाए गए शब्दों के साथ किस विराम चिह्न का प्रयोग किया जाता है ?

(1) तुल्यतासूचक
(2) स्थानपूरक
(3) अवतरण चिह्न
(4) कोष्ठक
(5) अनुत्तरित प्रश्न

11. 'तालू में दाँत जमना' मुहावरे का निकटतम अर्थ है –

(1) रोब दिखाना
(2) क्रोध में चूर होना
(3) उपहास होना
(4) दुर्दशा के लक्षण प्रकट होना
(5) अनुत्तरित प्रश्न

12. 'नाक का बाल होना' मुहावरे का निकटतम अर्थ है –

(1) निर्दोष बचे रहना
(2) प्रेम से स्वागत करना
(3) परेशान करना
(4) अधिक प्यारा होना
(5) अनुत्तरित प्रश्न

13. 'कलेजा पक जाना' मुहावरे का निकटतम अर्थ है –

(1) दुःख सहते-सहते तंग आ जाना
(2) हृदय का निर्बल होना
(3) घबराहट होना
(4) मार्मिक चोट होना
(5) अनुत्तरित प्रश्न

14. 'पौ बारह होना' मुहावरे का निकटतम अर्थ है –

(1) धन होने का गर्व करना
(2) अधिक तारीफ करना
(3) सवेरा होना
(4) हर तरह से लाभ ही लाभ होना
(5) अनुत्तरित प्रश्न

15. लोकोक्ति और उसके अर्थ की दृष्टि से कौन सा विकल्प सुमेलित नहीं है ?

(1) भूखे सियार को सीदा मेवा – भूखे मनुष्य को साधारण भोजन भी बहुत मधुर लगता है ।
(2) भूखा सिंह न तिनका खाय – बड़ा आदमी कष्ट आने पर भी छोटा काम नहीं करता ।
(3) भूख में गूलर पकवान – भूख लगने पर स्वादहीन भोजन भी स्वादिष्ट मालूम होता है ।
(4) भूखा सो रूखा – भूखे व्यक्ति को रूखा-सूखा भी अच्छा लगता है ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

Adda247
GET IT ON Google Play

16. 'जैसे साँपनाथ वैसे नागनाथ' लोकोक्ति का निम्नलिखित में से निकटतम अर्थ है :
(1) दोनों ही दुष्ट प्रकृति के व्यक्ति होना ।
(2) गुण और दोष के अनुरूप नाम न होना ।
(3) सदैव समान स्थिति में रहना ।
(4) जैसा कर्म करते हैं वैसा ही फल भोगना पड़ता है ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

17. 'ज़मीन सख़्त आसमान दूर' लोकोक्ति का निम्नलिखित में से निकटतम अर्थ होगा :
(1) धन के अभाव में व्यक्ति का सम्मान नहीं होना ।
(2) सुख और दुख सब जगह होते हैं ।
(3) कड़वी बोली बोलने से लोग शत्रु हो जाते हैं ।
(4) कठिन परिस्थिति में होना ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

18. 'दमड़ी की अरहर, सारी रात खड़खड़' लोकोक्ति का निम्नलिखित में से निकटतम अर्थ है :
(1) दुर्बल आदमी को सब दबा लेते हैं ।
(2) छोटी-सी बात पर बड़ा झगड़ा कर लेना ।
(3) ज़रा से काम को बहुत बढ़ाकर दिखाना ।
(4) व्यय तो अधिक परंतु काम थोड़ा हो ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

19. 'REPRODUCTION' का हिन्दी पारिभाषिक शब्द नहीं है –
(1) प्रतिकृति
(2) प्रतिक्रिया
(3) पुनरुत्पादन
(4) प्रतिलिपि
(5) अनुत्तरित प्रश्न

20. 'बावन तोले पाव रत्ती' लोकोक्ति का निम्नलिखित में से निकटतम अर्थ है :
(1) बहुत दरिद्र होना ।
(2) बुढ़ापे में जवानी की उमंग उठना ।
(3) अधिक लोगों द्वारा मिलकर कम काम करना ।
(4) जो हर तरह से बिलकुल ठीक हो ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

21. 'VERDICT' का हिन्दी पारिभाषिक शब्द है –
(1) अधिमत
(2) आधार
(3) पूर्वमत
(4) न्याय
(5) अनुत्तरित प्रश्न

22. 'RESOLUTION' का हिन्दी पारिभाषिक शब्द है –
(1) संकल्प
(2) निविदा
(3) मामला
(4) निलंबन
(5) अनुत्तरित प्रश्न

Adda247

GET IT ON Google Play

23. 'COMPOSITION' का हिन्दी पारिभाषिक शब्द नहीं है –
(1) गठन
(2) घटक
(3) रचना
(4) संघटन
(5) अनुत्तरित प्रश्न

24. 'PURSUIT' का हिन्दी पारिभाषिक शब्द नहीं है –
(1) कामकाज
(2) अनुसरण
(3) प्रयोज्य
(4) खोज
(5) अनुत्तरित प्रश्न

25. 'LEGISLATURE' पारिभाषिक शब्द का हिन्दी पारिभाषिक रूप है –
(1) मंत्रिपरिषद्
(2) कार्यपालिका
(3) विधानमंडल
(4) मंत्रिमंडल
(5) अनुत्तरित प्रश्न

26. 'COMMUNIQUE' का हिन्दी पारिभाषिक शब्द है –
(1) अधिसूचना
(2) कार्यालय आदेश
(3) विज्ञप्ति
(4) निविदा
(5) अनुत्तरित प्रश्न

27. पारिभाषिक शब्दों में कौन सा विकल्प सुमेलित है ?
(1) Superficial – अधीक्षण
(2) Solemn – सत्यनिष्ठा
(3) Sovereign – संप्रभुता
(4) Stipulation – परिनियम
(5) अनुत्तरित प्रश्न

28. निम्नलिखित पारिभाषिक शब्द में से कौन सा विकल्प सुमेलित नहीं है ?
(1) Monopoly – एकाधिकार
(2) Monotony – एकरसता
(3) Monogram – गुंफाक्षर
(4) Monogamy – स्मारक
(5) अनुत्तरित प्रश्न

29. अंग्रेजी के हिन्दी पारिभाषिक शब्द की दृष्टि से असंगत विकल्प है –
(1) Adjourn – स्थगित करना
(2) Proceedings – कार्यवाही
(3) Probation – संभाव्य
(4) Postpone – मुल्तवी करना
(5) अनुत्तरित प्रश्न

Adda247

Adda247
GET IT ON Google Play

30. संधि-विच्छेद की दृष्टि से सही नहीं है –
(1) भारतेन्दु = भारत + इन्दु
(2) यद्यपि = यदि + अपि
(3) कटूक्ति = कटु + उक्ति
(4) शीतोष्ण = शीत + ऊष्ण
(5) अनुत्तरित प्रश्न

31. संधि से निर्मित गलत शब्द है –
(1) रेखा + अंश = रेखांश
(2) देवी + इच्छा = देवीच्छा
(3) गिरि + इन्द्र = गिरीन्द्र
(4) स्व + ईर = स्वेर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

32. संधि की दृष्टि से त्रुटिरहित विकल्प है –
(1) सदा + एव = सदेव
(2) जित + इन्द्रिय = जितेन्द्रिय
(3) महा + ऐश्वर्य = महेश्वर्य
(4) जल + ओघ = जलोघ
(5) अनुत्तरित प्रश्न

33. निम्नलिखित में से किस विकल्प में त्रुटिपूर्ण संधि-विच्छेद है ?
(1) उपेक्षा = उप + ईक्षा
(2) लघूर्मि = लघु + ऊर्मि
(3) व्याप्त = वि + आप्त
(4) पित्रिच्छा = पित्र + इच्छा
(5) अनुत्तरित प्रश्न

34. 'प्र' उपसर्ग से निर्मित शब्द नहीं है –
(1) प्रदत्त
(2) प्रथम
(3) प्रदेश
(4) प्रकाश
(5) अनुत्तरित प्रश्न

35. तत्पुरुष समास का उदाहरण नहीं है –
(1) भवतारण
(2) कविश्रेष्ठ
(3) ऋणमुक्त
(4) भरपेट
(5) अनुत्तरित प्रश्न

36. किस विकल्प के सभी शब्द अव्ययीभाव समास के उदाहरण हैं ?
(1) पल-पल, प्रतिदिन
(2) व्यर्थ, प्रतिबिम्ब
(3) यथासंभव, पूर्वकाल
(4) पंचवटी, हाथोंहाथ
(5) अनुत्तरित प्रश्न

37. शब्द में निहित उपसर्ग की दृष्टि से संगत विकल्प है –
(1) स्वदेश – सु
(2) अलंकार – अ
(3) आरण्यक – आ
(4) संतति – सम्
(5) अनुत्तरित प्रश्न

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

38. निम्नलिखित में से तत्सम शब्द छाँटिये :
(1) कुछ
(2) छवि
(3) खुजली
(4) धरती
(5) अनुत्तरित प्रश्न

39. 'या' प्रत्यय के योग से बना शब्द नहीं है –
(1) समस्या
(2) सवैया
(3) विद्या
(4) शय्या
(5) अनुत्तरित प्रश्न

40. 'अ' प्रत्यय के योग से बना शब्द नहीं है –
(1) मौन
(2) मोहन
(3) पार्थ
(4) शैव
(5) अनुत्तरित प्रश्न

41. किस विकल्प के सभी शब्द तत्सम हैं ?
(1) भ्राता, मरि
(2) लवण, निबंध
(3) पुहुप, हस्त
(4) मोती, हीरक
(5) अनुत्तरित प्रश्न

42. निम्नलिखित में से देशज शब्द है :
(1) कनस्तर
(2) ठुमरी
(3) चकमक
(4) टीन
(5) अनुत्तरित प्रश्न

43. निम्नलिखित शब्दों में से अर्द्धतत्सम शब्द का चयन कीजिए :
(1) विकर्ण
(2) बच्छ
(3) आग
(4) खेत
(5) अनुत्तरित प्रश्न

44. निम्न में तद्भव शब्द है :
(1) एकादश
(2) गोस्वामी
(3) घात
(4) खाँसी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

45. इनमें से कौन सा शब्द तद्भव नहीं है ?
(1) बूँद
(2) खीर
(3) आँख
(4) धूप
(5) अनुत्तरित प्रश्न

Adda247 GET IT ON Google Play

46. इनमें से विदेशी शब्द है –

(1) आल्हा

(2) वकील

(3) जीभ

(4) घड़ा

(5) अनुत्तरित प्रश्न

47. निम्न में से भाववाचक संज्ञा है :

(1) नींद

(2) भारतेन्दु

(3) कुटुम्ब

(4) धातु

(5) अनुत्तरित प्रश्न

48. सर्वनाम से निर्मित संज्ञा शब्दों का समूह है –

(1) दूरस्थ, बुराई

(2) स्वत्व, ममत्व

(3) दोस्ती, धिक्कार

(4) ऊँचा, कसैला

(5) अनुत्तरित प्रश्न

49. 'वह कौन है, जो पड़ा रो रहा है ।' वाक्य में रेखांकित शब्द है –

(1) अनिश्चयवाचक सर्वनाम

(2) सम्बन्धवाचक सर्वनाम

(3) निजवाचक सर्वनाम

(4) निश्चयवाचक सर्वनाम

(5) अनुत्तरित प्रश्न

50. किस विकल्प में निश्चयवाचक सर्वनाम का प्रयोग नहीं हुआ है ?

(1) वे पराक्रमी बालक हैं ।

(2) ये सब बातें हरिश्चन्द्र में सहज हैं ।

(3) यह नया नियम नहीं है ।

(4) बड़ा पद मिलने से कोई बड़ा नहीं होता ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

51. किस विकल्प में सभी शब्द गुणवाचक विशेषण के उदाहरण हैं ?

(1) समान, समूचा, सूखा

(2) सारा, नीचा, चौड़ा

(3) लंबा, पूरा, भारी

(4) टिकाऊ, स्थानीय, फीका

(5) अनुत्तरित प्रश्न

Adda247

Adda247

GET IT ON Google Play

52. किस विकल्प में विशेषण शब्द है ?

(1) अभ्यास

(2) अमावस

(3) अमात्य

(4) अनुचित

(5) अनुत्तरित प्रश्न

53. निम्न में से किस वाक्य में क्रिया का अकर्मक रूप में प्रयोग हुआ है ?

(1) श्याम आम खाता है ।

(2) राम स्कूल में पढ़ता है ।

(3) सिपाही चोर को पकड़ता है ।

(4) मोहन गेंद खेलता है ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

54. निम्नलिखित में से किस वाक्य में क्रिया के प्रेरणार्थक रूप का प्रयोग नहीं हुआ है ?

(1) पिता ने लड़के को कहानी सुनाई ।

(2) मोहन मुझसे किताब लिखाता है ।

(3) बच्चे को रोटी खिलाओ ।

(4) वह घर आना चाहता है ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

55. किस वाक्य में निपात का प्रयोग हुआ है ?

(1) पशु–पक्षी ही अपना हित समझते हैं ।

(2) हमारे शिक्षक प्रश्न करते हैं ।

(3) किसी आदमी को भेज दो ।

(4) मैं आपके पास आया हूँ ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

56. 'वह आजकल पढ़ रहा है' वाक्य में रेखांकित पद क्रिया–विशेषण के किस भेद का उदाहरण है ?

(1) रीतिवाचक

(2) परिमाणवाचक

(3) कालवाचक

(4) स्थानवाचक

(5) अनुत्तरित प्रश्न

57. किस विकल्प में संबंधसूचक अव्यय का प्रयोग नहीं हुआ है ?

(1) वैसे तो राजा भी प्रजासेवक है ।

(2) यह काम जाने से पहले करना चाहिए ।

(3) धन के बिना किसी का काम नहीं चलता ।

(4) नौकर मालिक के यहाँ रहता है ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

58. विस्मयादिबोधक अव्यय की दृष्टि से असंगत विकल्प है –

(1) स्वीकारबोधक – जी !

(2) आश्चर्यबोधक – धन्य !

(3) संबोधनद्योतक – अरे !

(4) तिरस्कारबोधक – छिः !

(5) अनुत्तरित प्रश्न

Adda247 GET IT ON Google Play

59. किस विकल्प के सभी शब्द परस्पर पर्यायवाची नहीं हैं ?

(1) खड्ग, असि, करवाल
(2) मरुत, गंधवह, तरणी
(3) तम, तमिस्र, तिमिर
(4) शर, विशिख, शिलीमुख
(5) अनुत्तरित प्रश्न

60. किस विकल्प के सभी शब्द परस्पर पर्यायवाची नहीं हैं ?

(1) छिद्र, रंध्र, विवर
(2) चावल, तंदुल, पायस
(3) पंक्ति, सरणि, पाँती
(4) युद्ध, रण, समर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

61. निम्नलिखित में से 'मोर' का पर्यायवाची नहीं है :

(1) केकी
(2) शिखी
(3) कलापी
(4) मंडूक
(5) अनुत्तरित प्रश्न

62. 'दीक्षा देने वाला' वाक्यांश के लिए उपयुक्त सार्थक शब्द है –

(1) दीक्षित
(2) दाक्षिण्य
(3) दीक्षक
(4) दीक्षांत
(5) अनुत्तरित प्रश्न

63. 'बहुज्ञ' का विलोम शब्द है –

(1) अभिज्ञ
(2) विज्ञ
(3) सर्वज्ञ
(4) अल्पज्ञ
(5) अनुत्तरित प्रश्न

64. असंगत विलोम शब्द है :

(1) तरल – ठोस
(2) न्यून – अधिक
(3) वैयक्तिक – सामूहिक
(4) उतरना – गिरना
(5) अनुत्तरित प्रश्न

65. असंगत विलोम शब्द है –

(1) बड़ा – लंबा
(2) कृश – स्थूल
(3) ऋजु – वक्र
(4) गत – आगत
(5) अनुत्तरित प्रश्न

Adda247
GET IT ON Google Play

66. किस विकल्प में वाक्यांश के लिए प्रयुक्त शब्द उपयुक्त नहीं है ?
(1) रंगमंच का परदा – यवनिका
(2) पूर्णिमा की रात – राका
(3) जिसकी रक्षा की गई हो – रक्षणीय
(4) योजना करने के योग्य – योज्य
(5) अनुत्तरित प्रश्न

67. किस विकल्प में वाक्यांश के लिए प्रयुक्त शब्द उपयुक्त है ?
(1) जिसका समय बीत गया हो – कालातीत
(2) कुछ समय के बाद – कालचक्र
(3) कामना पूरी करने वाला – काम्य
(4) करुणा का भाव – कारुणिक
(5) अनुत्तरित प्रश्न

68. किस विकल्प में शब्द-युग्म का क्रमशः सही अर्थ है ?
(1) परिणीत – प्रणीत = अविवाहित – निवेदन
(2) कटिबन्ध – कटिबद्ध = कमरबन्द – तैयार
(3) उद्धत – उद्यत = अड़ा हुआ – थका हुआ
(4) परिहार – प्रहार = चोट – त्याग
(5) अनुत्तरित प्रश्न

69. निम्नलिखित में से किस शब्द-युग्म का क्रमशः सही अर्थ नहीं है ?
(1) गोपन – गोमय = छिपाना – गोबर
(2) गेय – गेह = गाने योग्य – घर
(3) चक्रचर – चक्रधर = कुम्हार – विष्णु
(4) चक्रवात – चक्रवाल = चकवा – बवंडर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

70. किस विकल्प में शब्द-युग्म का क्रमशः सही अर्थ नहीं है ?
(1) बलि – बली = उपहार – बलवान
(2) मेघ – मेध = बादल – यज्ञ
(3) मूल – मूल्य = जड़ – कीमत
(4) शुक – शूक = जौ – तोता
(5) अनुत्तरित प्रश्न

71. 'कृति – कृती' शब्द-युग्म का क्रमशः सही अर्थ है –
(1) पुस्तक – तारिका
(2) कार्य – कीट
(3) चतुर – कीड़ा
(4) रचना – निपुण
(5) अनुत्तरित प्रश्न

Adda247
GET IT ON Google Play

72. निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द है :
(1) दुस्कर
(2) प्रतिछाया
(3) आर्शिवाद
(4) अक्षौहिणी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

73. किस विकल्प में सभी शब्द शुद्ध हैं ?
(1) वेदिक, दुपहर, निर्दोषी
(2) व्यवहारिक, यौवन, लघुत्तर
(3) प्रामाणिक, पौराणिक, यौगिक
(4) सौन्दर्यता, कौशल, बाहुल्यता
(5) अनुत्तरित प्रश्न

74. किस विकल्प के सभी शब्द शुद्ध हैं ?
(1) सोंचेंगे, तरंगे
(2) आँतरिक, जाँति-पाँति
(3) अँधेरा, चंचलता
(4) दुनियां, पूँछकर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

75. अशुद्ध शब्द नहीं है –
(1) विमूढ़
(2) प्रस्ताविक
(3) झौंपड़ी
(4) भगीरथी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

76. किस विकल्प में अशुद्ध शब्द है ?
(1) आहार्य
(2) आस्तिक
(3) अभ्यगत
(4) अर्थान्तर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

77. शुद्ध शब्द है –
(1) अनुसंगिक
(2) हिंग
(3) स्थायित्व
(4) शुद्धिकरण
(5) अनुत्तरित प्रश्न

78. अशुद्ध शब्द है –
(1) सौराष्ट्र
(2) स्वर्गिय
(3) स्निग्ध
(4) स्पर्श
(5) अनुत्तरित प्रश्न

79. अशुद्ध शब्द है –
(1) अध्यावसाय
(2) अभीष्ट
(3) अनुसरण
(4) अभ्यस्त
(5) अनुत्तरित प्रश्न

Adda247

GET IT ON Google Play

80. अधिकरण कारक के परसर्ग 'में' का असंगत प्रयोग हुआ है –

(1) तुम्हारे घर में चार आदमी हैं।

(2) देवताओं में कौन अधिक पूज्य है ?

(3) हममें तुममें कोई भेद नहीं है।

(4) उनकी योग्यता काम में प्रकट होती है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

81. निम्नलिखित में से किस विकल्प में 'का' परसर्ग का प्रयोग सम्बन्ध कारक के लिए नहीं हुआ है ?

(1) तीन खंड का मकान।

(2) उसका घोड़ा दौड़ता है।

(3) वह तो जन्म का भिखारी है।

(4) पाँच हाथ का डंडा।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

82. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द पुल्लिंग नहीं है ?

(1) कटहल

(2) सरसों

(3) सरोवर

(4) रायता

(5) अनुत्तरित प्रश्न

83. निम्नलिखित में से स्त्रीलिंग शब्द है :

(1) गेरू

(2) मिलान

(3) मोर

(4) मार्ग

(5) अनुत्तरित प्रश्न

84. निम्नलिखित में से सदैव एकवचन क्रिया के साथ प्रयुक्त होने वाला शब्द है :

(1) आग

(2) भाग्य

(3) दाम

(4) होश

(5) अनुत्तरित प्रश्न

85. एकवचन – बहुवचन का बेमेल विकल्प है –

(1) डिब्बा – डिबिया

(2) चिड़िया – चिड़ियाँ

(3) वृद्ध – वृद्धजन

(4) डाली – डालियाँ

(5) अनुत्तरित प्रश्न

Adda247

GET IT ON Google Play

86. 'सदा सुखी रहो।' वाक्य किस वृत्ति से संबंधित है ?
(1) इच्छार्थ
(2) निश्चयार्थ
(3) आज्ञार्थ
(4) संकेतार्थ
(5) अनुत्तरित प्रश्न

87. किस विकल्प में मध्यम पुरुष का प्रयोग हुआ है ?
(1) हे रेवतक, तुम सेनापति को बुलाओ।
(2) कुंभलिक – मुझे क्या दोष है, यह तो हमारा कुल धर्म है।
(3) हम पहले भाग के आरम्भ में लिख आए हैं।
(4) जो बातें मुनि के पीछे हुई सो उनसे कह दीं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

88. इनमें से संदिग्ध भूतकाल का प्रयोग किस वाक्य में है ?
(1) नगर में एक साधु आए हैं।
(2) राजा बैठे हैं।
(3) उसे हमारी चिट्ठी मिली होगी।
(4) मरा घोड़ा खेत में पड़ा है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

89. 'ऐसा करो जिसमें बात बन जाये।' वाक्य में काल है –
(1) सामान्य वर्तमान काल
(2) संदिग्ध वर्तमान काल
(3) संभाव्य भविष्यत् काल
(4) सामान्य भविष्यत् काल
(5) अनुत्तरित प्रश्न

90. संयुक्त वाक्य का उदाहरण है –
(1) तुमको यह कब योग्य है कि बन में बसो।
(2) उन्हें न नींद आती थी, न भूख-प्यास लगती थी।
(3) जब सबेरा हुआ, हम लोग बाहर गए।
(4) हम चाहते हैं कि लड़के नीरोग रहें।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

91. 'आकाश में तारे निकलते हैं।' वाक्य में पक्ष है –
(1) नित्यताबोधक अपूर्ण पक्ष
(2) पूर्णकालिक पक्ष
(3) आवृत्तिमूलक पक्ष
(4) सातत्यबोधक पक्ष
(5) अनुत्तरित प्रश्न

92. भाववाच्य से संबंधित वाक्य है –
(1) तुमको यह लिखा जाता है।
(2) सिपाही सरदार बनाया गया।
(3) मेरे द्वारा पुस्तक पढ़ी गई।
(4) वहाँ कैसे बैठा जायेगा।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

93. किस विकल्प में कर्मवाच्य नहीं है ?
(1) यह फिर देखा जायेगा।
(2) रानी ने सहेलियों को बुलाया।
(3) इत्तला दी जाती है।
(4) मेरे द्वारा व्यायाम किया जाता है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

Adda247
GET IT ON Google Play

94. मिश्र वाक्य का उदाहरण है –

(1) आप सब प्रकार से समर्थ हैं, आप इस काम को कर सकते हैं ।

(2) या तो आप स्वतः आइए या अपने नौकर को भेजिए ।

(3) वहाँ जो कुछ देखने योग्य था, मैंने सब देख लिया ।

(4) मुझे उन लोगों का भेद लेना था, सो मैं वहाँ ठहरकर उनकी बातें सुनने लगा ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

95. 'श्याम को गाड़ी नहीं मिली क्योंकि वह समय पर नहीं गया ।' वाक्य में रेखांकित उपवाक्य का प्रकार है –

(1) विशेषण उपवाक्य

(2) क्रिया-विशेषण उपवाक्य

(3) प्रधान उपवाक्य

(4) संज्ञा उपवाक्य

(5) अनुत्तरित प्रश्न

96. 'यदि वह पढ़ाई करता, तो अवश्य उत्तीर्ण होता ।' अर्थ के आधार पर यह वाक्य है –

(1) इच्छावाचक

(2) संकेतवाचक

(3) निषेधवाचक

(4) संदेहवाचक

(5) अनुत्तरित प्रश्न

97. अशुद्ध वाक्य है –

(1) तुम वापस लौट जाओ ।

(2) मैं प्रातःकाल पढ़ता हूँ ।

(3) जज ने उसे मृत्युदण्ड दिया ।

(4) मेरे पास केवल एक घड़ी है ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

98. साधारण उद्देश्य में प्रयुक्त नहीं होता है –

(1) विशेषण

(2) क्रिया-विशेषण

(3) संज्ञा

(4) सर्वनाम

(5) अनुत्तरित प्रश्न

99. अशुद्ध वाक्य है –

(1) हम अपनी माँगें प्रस्तुत करते हैं ।

(2) जैन साहित्य प्राकृत में लिखा गया है ।

(3) उपस्थित लोगों ने संकल्प किया ।

(4) मैं उनका धन्यवाद करता हूँ ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

100. शुद्ध वाक्य है –

(1) इसके बाद फिर क्या हुआ ?

(2) वह सचिवालय कार्यालय में लिपिक है ।

(3) विन्ध्याचल पर्वत हिमालय से प्राचीन है ।

(4) नौजवानों को आगे आना चाहिए ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न